आकाशवाणी

प्रादेशिक समाचार

दिनांक 16.08.2024 समय: 2.10 PM

अध्यक्ष-प्रेस बैठक

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के अध्यक्ष सोमनाथ ने कहा है कि इस साल के अंत तक पहले मानवरहित मिशन गगनयान के प्रक्षेपण की कोशिश की जा रही है। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि गगनयान के सभी हिस्से सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र पहुंच गए हैं और इन्हें उड़ान के लिए जोड़ा जाएगा। अंतरिक्ष संगठन के प्रमुख ने कहा कि मानव मिशन में अंतरिक्ष यात्रियों की सुरक्षा के लिए गामा किरणों की सीमा, यूवी विकिरण की तीव्रता और ब्रह्मांडीय अल्ट्रा विकिरण की जांच करने वाले सेंसर को मापा जाएगा। श्री सोमनाथ ने कहा कि छोटे उपग्रहों को पड़ोसी देशों की भौगोलिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए प्रक्षेपित किया जाएगा।

अटल-पुण्यतिथि

राष्ट्र आज पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी को उनकी पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि दे रहा है। नई दिल्ली में सदैव अटल स्थित अटल बिहारी वाजपेई की समाधि पर प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने सदैव अटल पर पूर्व प्रधान मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को पुष्पांजलि अर्पित की। मुरैना में भाजपा कार्यालय में स्व वाजपेयी को श्रद्धांजलि अर्पित की । मुरैना सांसद शिवमंगल सिंह तोमर ने पूर्व प्रधानमंत्री को देश का तपस्वी, त्यागी नेता बताते हुए कहा कि अटल जी के ग्राम सड़क के सपने को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगे बढ़ा रहे हैं।

इसरो-सेटेलाइट

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने आज सुबह नौ बजकर 17 मिनट पर अपने लघु उपग्रह प्रक्षेपण यान -एसएसएलवी-डी 3 का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया। यह यान 175 किलोग्राम वजन के पृथ्वी अवलोकन उपग्रह- ईओएस-जीरो-आठ और एक अन्य छोटे उपग्रह एस आर-जीरो के साथ रवाना हुआ। यह यान 34 मीटर लंबा और लगभग 119 टन वजन का है। इस पर लगभग 56 करोड़ रूपए की लागत आई है।

हस्तशिल्प एवं हाथकरघा प्रदर्शनी

राज्य स्तरीय हस्तशिल्प एवं हाथकरघा प्रदर्शनी एवं सावन मेले का आयोजन भोपाल के गौहर महल में किया जा रहा है। प्रदर्शनी एवं सावन मेला 19 अगस्त तक चलेगा। इसमें लगभग 55 से ज्यादा शिल्पकार अपनी कलाकृतियों का प्रदर्शन एवं विक्रय कर रहे हैं।

सावन मेले में महिलाओं की अभिरूचि के अनुसार नई डिजाईन की चूड़ियां, मेहदीं, सौन्दर्य सामग्री सहित झूले भी रखे गये हैं। यहां 1930 के दशक की रेशम, किनार, चन्देरी, मसलिन, कॉटन साड़ियाँ, महेश्वरी साडियाँ, बाग प्रिंट उपलब्ध हैं। सावन मेले में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये जा रहे हैं। हाथकरघा व हस्तशिल्प की वस्तुयें भी शिल्पी बुनकरों द्वारा विक्रय की जा रही हैं।

डॉक्टर हड़ताल

कोलकाता में एक ट्रेनी डॉक्टर से दुष्कर्म के बाद देशभर में इसका विरोध जारी है। राजधानी भोपाल में भी पीड़िता को न्याय दिलाने की मांग को लेकर एम्स के बाद अब हमीदिया अस्पताल के डॉक्टर भी हड़ताल पर चले गए हैं। जूडा के प्रवक्ता कुलदीप गुप्ता ने बताया कि यह हड़ताल प्रदेश स्तरीय है। इसमें प्रदेशभर से करीब 3 हजार डॉक्टर शामिल हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि सेंट्रल डॉक्टर प्रोटेक्शन एक्ट की मांग की जा रही है। इधर, हड़ताल से निपटने के लिए भोपाल के गांधी मेडिकल कॉलेज डीन डॉ. एन सिंह ने सभी डॉक्टर्स की छुट्टियां निरस्त कर दी है। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि पश्चिम बंगाल की सरकार इस घटना को छिपाने के लिए लगातार गलत रास्ते पर जा रही है।

राष्ट्रीय कीट निगरानी प्रणाली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कल नई दिल्ली में राष्ट्रीय कीट निगरानी प्रणाली-एनपीएसएस का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि एनपीएसएस के माध्यम से किसान विभिन्न प्रकार के कीटनाशकों से अपनी फसलों का बचाव कर सकेंगे। इस अवसर पर श्री चौहान ने केंद्र सरकार द्वारा लागू की गई विभिन्न योजनाओं के लाभार्थी किसानों से भी बातचीत की।

समाचार संक्षेप में....

- अशोकनगर जिले की मुस्कान रघुवंशी ने भारतीय स्वतंत्रता दिवस के मौके पर ऑस्ट्रेलिया के सबसे ऊंचे पर्वत की चोटी पर तिरंगा फहराया।

केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने इस उपलब्धि पर मुस्कान को बधाई दी है।

- शिवपुरी जिले में सिंध नदी में आए उफान के बाद नदी के टापू पर फंसे 8 ग्रामीणों को रेस्क्यू कर निकाला गया है। यह ग्रामीण रन्नौद मार्ग पर रेशम माता के मंदिर के पास स्थित सिंध नदी के एक टापू पर अचानक नदी में बढ़े पानी के बहाव के बीच फंस गए थे।
- 3. महान वीरांगना एवं स्वतंत्रता सेनानी रानी अवंतीबाई लोधी की आज जयंती है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उन्हें याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। और
- शाजापुर में तीन ट्रक आपस में टकरा गए। इस हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मृत्यु हो गयी जबकि चार अन्य घायल हो गए।